चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम दैनिक सवेरा

दिनांक 17.12.2020 पृष्ठ संख्या 7 कॉलम 7-8

# हकृवि में राष्ट्रीय गणित दिवस पर आयोजित होंगे कार्यक्रम




हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय का प्रवेश द्वार।

हिसार (सुरेंद्र सोढी) : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 22 दिसंबर को राष्ट्रीय गणित दिवस 2020 के अवसर पर राष्ट्रीय अध्ययन गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का आयोजन हरियाणा राज्य विज्ञान, नवाचार और प्रौद्योगिकी परिषद के सहयोग से किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजवीर सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर समर सिंह बतौर मुख्यातिथि करेंगे। इस दिवस का आयोजन देश के विश्वविख्यात गणितज्ञ श्री निवासरामानुजन के जन्मदिन के उपलक्ष्य में पूरे देश में मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि इस बार इस महान गणितज्ञ का 133वां जन्मदिन है। गणित और सांख्यिकी विभाग की अध्यक्षा डॉ. मंजू सिंह टांक ने बताया कि इस अवसर पर गणित और सांख्यिकी विभाग द्वारा दो चरणों में कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। प्रथम चरण में गणित, सांख्यिकी, कम्प्यूटर विज्ञान में स्कूल व कॉलेज के विद्यार्थियों की रूचि बढ़ाने व जागरूकता लाने के लिए प्रश्नोत्तरी, वाद-विवाद व पोस्टर मेकिंग की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी जिसमें प्रदेश के विभिन्न स्कूल, कॉलेजों व विश्वविद्यालयों के विद्यार्थी ऑनलाइन माध्यम से हिस्सा लेंगे। ये प्रतियोगिताएं 18 दिसंबर को प्रातः 9 बजकर 30 मिनट से शुरू होंगी और इन प्रतियोगिताओं में पंजीकरण के लिए गुगल फार्म का उपयोग किया जाएगा। इस कार्यक्रम के दूसरे चरण में 22 दिसंबर को गणित, सांख्यिकी, कंप्यूटर व व्यवहारिक विज्ञान विषयों पर राष्ट्रीय अध्ययन गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इस गोष्ठी के लिए कोई भी वैज्ञानिक, शिक्षक व विद्यार्थी अपने अनुसंधान कार्य का संक्षेप में 20 दिसंबर तक विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भेज सकता है। अध्ययन गोष्ठी के मुख्य वक्ता गुरू जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय हिसार के ऑनरेरी प्रोफेसर डॉ.धारा सिंह होंगे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम...पंजाब केसरी, दैनिक भास्कर...

दिनांक 17.12.2020 पृष्ठ संख्या...2, 2...कॉलम...3-4, 6...

## 'स्वरोजगार स्थापित करने के लिए महिलाओं का प्रशिक्षण शुरू'

हिसार, 16 दिसम्बर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार में प्रदेश की अनुसूचित जाति व जनजाति की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने व स्वरोजगार स्थापित करने के लिए 5 दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। इसका आयोजन विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षण संस्थान में सिरसा रोड स्थित केंद्रीय भैंस अनुसंधान संस्थान के सहयोग से किया गया। इस प्रशिक्षण का आयोजन विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. आर.एस. हुड्डा की देखरेख में किया जा रहा है। संस्थान में 5 दिनों में अनाज के मूल्य संवर्धित उत्पादों को लेकर प्रशिक्षण दिया जाएगा।



*जानकारी देते वैज्ञानिक व मौजूद प्रतिभागी।*

## महिलाओं के लिए प्रशिक्षण शिविर शुरू

**हिसार** | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार में प्रदेश की अनुसूचित जाति और जनजाति की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और स्वरोजगार स्थापित करने के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षण संस्थान सिरसा रोड स्थित केंद्रीय भैंस अनुसंधान संस्थान के सहयोग से प्रशिक्षण का आयोजन विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. आरएस हुड्डा की देखरेख में किया जा रहा है।

प्रशिक्षण के शुभारंभ पर संस्थान के सह-निदेशक (प्रशिक्षण) डॉ. अशोक गोदारा ने प्रशिक्षणार्थियों को कहा कि बताया कि यहां से प्रशिक्षण हासिल कर महिलाएं स्वरोजगार कर अपनी आय में बढोतरी कर सकती हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम........दैनिक जागरण, अमर उजाला..........

दिनांक 17.12.2022 पृष्ठ संख्या....4, 4.........कॉलम...2-3, 1-2...

# प्रशिक्षण लेकर स्वरोजगार अपना रहीं हैं महिलाएं

जागरण संवाददाता, हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में प्रदेश की अनुसूचित जाति व जनजाति की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने व स्वरोजगार स्थापित करने के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। प्रशिक्षणों का आयोजन विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षण संस्थान में सिरसा रोड स्थित केंद्रीय भैंस अनुसंधान संस्थान के सहयोग से किया गया। इस प्रशिक्षण का आयोजन विस्तार शिक्षा निदेशक डा. आरएस हुड्डा की देखरेख में किया जा रहा है। प्रशिक्षण के शुभारंभ अवसर पर संस्थान के सह निदेशक (प्रशिक्षण)डा. अशोक गोदारा ने बताया कि यहां से प्रशिक्षण हासिल कर महिलाएं स्वरोजगार स्थापित कर अपनी आय में बढ़ोतरी कर सकती हैं। स्वरोजगारोन्नमुखी प्रशिक्षण आज के समय की मांग है। उन्होंने कहा कि संस्थान में पांच दिनों में अनाज के मूल्य संवर्धित उत्पादों को लेकर प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के संयोजक डा. डीके शर्मा ने बताया कि इस प्रशिक्षण में तीस प्रतिभागी हिस्सा ले रही हैं। सेवानिवृत्त डा. फूल कुमार भारद्वाज ने बताया कि अनाज व दूध के मिश्रण से अनेक मूल्य संवर्धित उत्पाद बनाए जा सकते हैं।

# 'प्रशिक्षण लेकर रोजगार स्थापित करें महिलाएं'

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में प्रदेश की अनुसूचित जाति व जनजाति की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने व स्वरोजगार स्थापित करने के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। प्रशिक्षणों का आयोजन विश्वविद्यालय के साइना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षण संस्थान में सिरसा रोड स्थित केंद्रीय भैंस अनुसंधान संस्थान के सहयोग से किया गया। इस प्रशिक्षण का आयोजन विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. आरएस हुड्डा की देखरेख में किया जा रहा है। प्रशिक्षण के शुभारंभ पर संस्थान के सह-निदेशक डॉ. अशोक गोदारा ने प्रशिक्षणार्थियों को बताया कि यहां से प्रशिक्षण हासिल कर महिलाएं स्वरोजगार स्थापित कर सकती हैं और अपनी आय में बढ़ोतरी कर सकती हैं। संयोजक डॉ. डीके शर्मा ने बताया कि इस प्रशिक्षण में तीस प्रतिभागी हिस्सा ले रही हैं। सेवानिवृत्त डॉ. फूल कुमार भारद्वाज ने बताया कि अनाज व दूध के मिश्रण से अनेक उत्पाद बनाए जा सकते हैं। डॉ. सुरेंद्र सिंह ने बताया कि अनाज का मूल्य संवर्धन समय की मांग हैं ताकि उन्हें अधिक समय तक संभाल कर रखा जा सके।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम....पंजाब केसरी....

दिनांक 17.12.2020 पृष्ठ संख्या....2....कॉलम....7-8....

# 'एच.ए.यू. में राष्ट्रीय गणित दिवस पर होंगे अनेक कार्यक्रम'

हिसार, 16 दिसम्बर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 22 दिसम्बर को राष्ट्रीय गणित दिवस 2020 के अवसर पर राष्ट्रीय अध्ययन गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का आयोजन हरियाणा राज्य विज्ञान, नवाचार और प्रौद्योगिकी परिषद के सहयोग से किया जाएगा।

यह जानकारी देते हुए मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. राजवीर सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. समर सिंह बतौर मुख्यातिथि करेंगे। इस दिवस का आयोजन देश के विश्वविख्यात गणितज्ञ निवासरामानुजन के जन्मदिन के उपलक्ष्य में पूरे देश में मनाया जाता है।

गणित और सांख्यिकी विभाग की अध्यक्ष डा. मंजू सिंह टांक ने बताया कि इस अवसर पर विभाग द्वारा 2 चरणों में कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। प्रथम चरण में गणित, सांख्यिकी, कम्प्यूटर विज्ञान में स्कूल व कॉलेज के विद्यार्थियों की रुचि बढ़ाने व जागरूकता लाने के लिए प्रश्नोत्तरी, वाद-विवाद व पोस्टर मेकिंग की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिसमें प्रदेश के विभिन्न स्कूल, कॉलेजों व विश्वविद्यालयों के विद्यार्थी ऑनलाइन माध्यम से हिस्सा लेंगे। ये प्रतियोगिताएं 18 दिसम्बर को प्रात: 9 बजकर 30 मिनट से शुरू होंगी।

इस कार्यक्रम के दूसरे चरण में गणित, सांख्यिकी, कंप्यूटर व व्यावहारिक विज्ञान विषयों पर राष्ट्रीय अध्ययन गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इसके मुख्य वक्ता गुरू जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के ऑनरेरी प्रो. डा. धारा सिंह होंगे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम......दैनिक जागरण......

दिनांक ..12..12..2022....पृष्ठ संख्या......4............कॉलम.......5............

## राष्ट्रीय गणित दिवस पर आयोजित होंगे अनेक कार्यक्रम

जागरण संवाददाता, हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 22 दिसंबर को राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय अध्ययन गोष्ठी आयोजित होगी। इस कार्यक्रम का आयोजन हरियाणा राज्य विज्ञान, नवाचार और प्रौद्योगिकी परिषद के सहयोग से किया जाएगा। मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. राजवीर सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. समर सिंह बतौर मुख्यातिथि करेंगे। इस दिवस का आयोजन देश के विश्वविख्यात गणितज्ञ श्री निवासरामानुजन के 133वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में पूरे देश में मनाया जाता है।

**दो चरणों में आयोजित किए जाएंगे कार्यक्रम:** गणित और सांख्यिकी विभाग की अध्यक्षा डा. मंजू सिंह टांक ने बताया कि इस अवसर पर गणित और सांख्यिकी विभाग द्वारा दो चरणों में कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम पंजाब केसरी, जागरण, भास्कर

दिनांक 17.12.2022 पृष्ठ संख्या — कॉलम —

## 'बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर वर्कशॉप 19 को'

हिसार, 16 दिसम्बर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार में स्थापित एबिक सैंटर में बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर एक ऑनलाइन वर्कशॉप का आयोजन 19 दिसम्बर को किया जाएगा। नोडल अधिकारी डा. सीमा रानी ने बताया कि एबिक के द्वारा युवाओं व उद्यमियों को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। कोरोना महामारी के चलते व्यक्तिगत रूप से इस तरह की वर्कशॉप का आयोजन कर पाना संभव नहीं है।

इसी के चलते एबिक में ऑनलाइन वर्कशॉप आयोजित की जाएगी, जिसमें बौद्धिक संपदा अधिकार विषय से संबंधित सरकार की नवीनतम योजनाओं की जानकारी देते हुए उनके महत्व के बारे में बताया जाएगा।

## बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर वर्कशॉप 19 को

**हिसार** : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार में स्थापित एबिक सेंटर में बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर एक ऑनलाइन वर्कशॉप का आयोजन किया जाएगा। यह वर्कशॉप 19 दिसंबर को आयोजित की जाएगी। यह जानकारी देते हुए एबिक सेंटर की नोडल अधिकारी डा. सीमा रानी ने बताया कि एबिक के द्वारा युवाओं व उद्यमियों को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। कोरोना महामारी के चलते व्यक्तिगत रूप से इस तरह की वर्कशॉप का आयोजन कर पाना संभव नहीं है। इसी के चलते एबिक में ऑनलाइन वर्कशॉप आयोजित की जाएगी। (जासं)

## एचएयू के एबिक सेंटर में 'बौद्धिक संपदा अधिकार' पर वर्कशॉप 19 को

**हिसार** | एचएयू में स्थापित एबिक सेंटर में बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर ऑनलाइन वर्कशॉप 19 दिसंबर को आयोजित की जाएगी। एबिक सेंटर की नोडल अधिकारी डॉ. सीमा रानी ने बताया कि एबिक के द्वारा युवाओं व उद्यमियों को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। एबिक में ऑनलाइन वर्कशॉप आयोजित की जाएगी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम....दैनिक भास्कर, अमर उजाला....

दिनांक 17.12.2020....पृष्ठ संख्या....2, 1....कॉलम....6-8, 1....

## एचएयू में 22 दिसंबर को आयोजित होगी राष्ट्रीय अध्ययन गोष्ठी

**हिसार** | एचएयू में 22 दिसंबर को राष्ट्रीय गणित दिवस पर राष्ट्रीय अध्ययन गोष्ठी होगी। यह कार्यक्रम हरियाणा राज्य विज्ञान, नवाचार और प्रौद्योगिकी परिषद के सहयोग से होगा। मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजवीर सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ एचएयू के कुलपति प्रोफेसर समर सिंह बतौर मुख्यातिथि करेंगे। देश के विश्वविख्यात गणितज्ञ श्री निवास रामानुजन के जन्मदिन के उपलक्ष्य में पूरे देश में कार्यक्रम किए जाते हैं। गणित और सांख्यिकी विभाग की अध्यक्षा डॉ. मंजू सिंह टांक ने बताया कि इस अवसर पर गणित और सांख्यिकी विभाग द्वारा दो चरणों में कार्यक्रम होंगे। प्रथम चरण में गणित, सांख्यिकी, कम्प्यूटर विज्ञान में स्कूल व कॉलेज के विद्यार्थियों की रुचि बढ़ाने व जागरूकता लाने के लिए प्रश्नोत्तरी, वाद-विवाद व पोस्टर मेकिंग की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिसमें विभिन्न स्कूल, कॉलेजों व विश्वविद्यालयों के विद्यार्थी ऑनलाइन हिस्सा लेंगे। ये प्रतियोगिताएं 18 दिसंबर को सुबह 9 बजकर 30 मिनट से शुरू होंगी और इनमें पंजीकरण के लिए गुगल फार्म का उपयोग किया जाएगा।

## एचएयू में गणित दिवस पर होंगे कई कार्यक्रम

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) में 22 दिसंबर को राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय अध्ययन गोष्ठी का आयोजन होगा। कार्यक्रम का आयोजन हरियाणा राज्य विज्ञान, नवाचार और प्रौद्योगिकी परिषद के सहयोग से किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. समर सिंह करेंगे। सांख्यिकी विभाग की अध्यक्ष डॉ. मंजू सिंह टांक ने बताया कि प्रथम चरण में गणित, सांख्यिकी, कंप्यूटर विज्ञान में स्कूल व कॉलेज के विद्यार्थियों की रुचि बढ़ाने व जागरूकता लाने के लिए प्रश्नोत्तरी, वादविवाद व पोस्टर मेकिंग की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम........नभ छोर........

दिनांक 16.12.2020 पृष्ठ संख्या........—........कॉलम........—........

# राष्ट्रीय गणित दिवस पर 22 को गोष्ठी व कई प्रतियोगिताएं होंगी हकृवि में

हिसार/16 दिसंबर/रिपोर्टर

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में हरियाणा राज्य विज्ञान, नवाचार और प्रौद्योगिकी परिषद के सहयोग से 22 दिसंबर को राष्ट्रीय गणित दिवस 2020 के अवसर पर राष्ट्रीय अध्ययन गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजवीर सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर समर सिंह बतौर मुख्यातिथि करेंगे। इस दिवस का आयोजन देश के विश्वविख्यात गणितज्ञ नवासरामानुजन के जन्मदिन के उपलक्ष्य में पूरे देश में मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि इस बार इस महान गणितज्ञ का 133वां जन्मदिन है। गणित और सांख्यिकी विभाग की अध्यक्षा डॉ. मंजू सिंह टांक ने बताया कि विभाग द्वारा दो चरणों में कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। प्रथम चरण में गणित, सांख्यिकी, कम्प्यूटर विज्ञान में स्कूल व कॉलेज के विद्यार्थियों की रूचि बढ़ाने व जागरूकता लाने के लिए प्रश्नोत्तरी, वाद.विवाद व पोस्टर मेकिंग की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी जिसमें प्रदेश के विभिन्न स्कूल, कॉलेजों व विश्वविद्यालयों के विद्यार्थी ऑनलाइन माध्यम से हिस्सा लेंगे। ये प्रतियोगिताएं 18 दिसंबर को प्रात: 9 बजकर 30 मिनट से शुरू होंगी और इन प्रतियोगिताओं में पंजीकरण के लिए गुगल फॉर्म का उपयोग किया जाएगा। इस कार्यक्रम के दूसरे चरण में गणित, सांख्यिकी, कंप्यूटर व व्यवहारिक विज्ञान विषयों पर राष्ट्रीय अध्ययन गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इस गोष्ठी के लिए कोई भी वैज्ञानिक, शिक्षक व विद्यार्थी अपने अनुसंधान कार्य का संक्षेप 20 दिसंबर तक विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भेज सकता है। अध्ययन गोष्ठी के मुख्य वक्ता गुरू जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के ऑनरेरी प्रोफेसर डॉ. धारा सिंह होंगे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम...... समस्त हरियाणा ......

दिनांक 16-12-2020 पृष्ठ संख्या...... — ......कॉलम...... — ......

# हकृवि में महिलाओं के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण शुरू



समस्त हरियाणा न्यूज

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार में प्रदेश की अनुसूचित जाति व जनजाति की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने व स्वरोजगार स्थापित करने के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। प्रशिक्षणों का आयोजन विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षण संस्थान में सिरसा रोड स्थित केंद्रीय भैंस अनुसंधान संस्थान के सहयोग से किया गया। इस प्रशिक्षण का आयोजन विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. आर.एस. हुड्डा की देखरेख में किया जा रहा है। प्रशिक्षण के शुभारंभ अवसर पर संस्थान के सह-निदेशक डॉ. अशोक गोदारा ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बताया कि यहां से प्रशिक्षण हासिल कर महिलाएं स्वरोजगार स्थापित कर सकती हैं और अपनी आय में बढ़ोतरी कर सकती हैं। प्रशिक्षण के संयोजक डॉ. डी.के. शर्मा ने बताया कि इस प्रशिक्षण में तीस प्रतिभागी हिस्सा ले रही हैं। सेवानिवृत्त डॉ. फूल कुमार भारद्वाज व डॉ. सुरेंद्र सिंह ने बताया कि अनाज व दूध के मिश्रण से अनेक मूल्य संवर्धित उत्पाद बनाए जा सकते हैं।

## बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर वर्कशॉप 19 को

**हिसार ( समस्त हरियाणा न्यूज )।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार में स्थापित एबिक सेंटर में बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर एक ऑनलाइन वर्कशॉप का आयोजन किया जाएगा। यह वर्कशॉप 19 दिसंबर को आयोजित की जाएगी। यह जानकारी देते हुए एबिक सेंटर की नोडल अधिकारी डॉ. सीमा रानी ने बताया कि एबिक के द्वारा युवाओं व उद्यमियों को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। कोरोना महामारी के चलते व्यक्तिगत रूप से इस तरह की वर्कशॉप का आयोजन कर पाना संभव नहीं है। इसी के चलते एबिक में ऑनलाइन वर्कशॉप आयोजित की जाएगी।

## हकृवि में राष्ट्रीय अध्ययन गोष्ठी 22 को

**हिसार ( समस्त हरियाणा न्यूज )।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 22 दिसंबर को राष्ट्रीय गणित दिवस 2020 के अवसर पर राष्ट्रीय अध्ययन गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का आयोजन हरियाणा राज्य विज्ञान, नवाचार और प्रौद्योगिकी परिषद के सहयोग से किया जाएगा। मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजबीर सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर समर सिंह बतौर मुख्यातिथि करेंगे। इस दिवस का आयोजन देश के विश्वविख्यात गणितज्ञ श्री निवासरामानुजन के जन्मदिन के उपलक्ष्य में पूरे देश में मनाया जाता है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम........नभ छोर........

दिनांक ..16..12..22....पृष्ठ संख्या..........कॉलम..........

# बौद्धिक संपदा अधिकार पर 19 को वर्कशॉप

हिसार/16 दिसंबर/रिपोर्टर

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में स्थापित एबिक सेंटर में बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर 19 दिसंबर को एक ऑनलाइन वर्कशॉप का आयोजन किया जाएगा। एबिक सेंटर की नोडल अधिकारी डॉ. सीमा रानी ने बताया कि वर्कशॉप में बौद्धिक संपदा अधिकार विषय से संबंधित सरकार की नवीनतम योजनाओं की जानकारी देते हुए उनके महत्व के बारे में बताया जाएगा। इस वर्कशॉप में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागी एबिक की मेल आईडी पर अपना पंजीकरण करवा सकते हं। इसी मेल आईडी के माध्यम से प्रतिभागी को वर्कशॉप में शामिल होने के लिए लिंक भेजा जाएगा। सभी प्रतिभागियों को ई-सर्टिफीकेट भी प्रदान किए जाएंगे। एबिक की नोडल अधिकारी ने बताया कि इस वर्कशॉप में एमएसएमई के निदेशक और इंडस्ट्रियल विशेषज्ञ मुख्य वक्ता के तौर पर किसान, विद्यार्थी, नए स्टार्टअप्स आदि को व्याख्यान देंगे और बौद्धिक संपदा अधिकार के बारे में व्यावहारिक जानकारी देंगे। इस दौरान बौद्धिक संपदा अधिकार की प्रासंगिकता प्रपत्र और पंजीकरण, पेटेंट फाइलिंग, थिंकिंग एंड रजिस्ट्रेशन ऑफ आइपीआर, आपीआर इंटरप्रेन्योरशिप एंड इंफोंसमेंट विषयों पर जानकारी दी जाएगी।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम........पांच्य जन्य..........

दिनांक 16-12-2021........पृष्ठ संख्या........—........कॉलम........—........

# एचएयू के एबिक सेंटर में बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर वर्कशॉप 19 को

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार में स्थापित एबिक सेंटर में बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर एक ऑनलाइन वर्कशॉप का आयोजन किया जाएगा। यह वर्कशॉप 19 दिसंबर को आयोजित की जाएगी। यह जानकारी देते हुए एबिक सेंटर की नोडल अधिकारी डॉ. सीमा रानी ने बताया कि एबिक के द्वारा युवाओं व उद्यमियों को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। कोरोना महामारी के चलते व्यक्तिगत रूप से इस तरह की वर्कशॉप का आयोजन कर पाना संभव नहीं है। इसी के चलते एबिक में ऑनलाइन वर्कशॉप आयोजित की जाएगी जिसमें बौद्धिक संपदा अधिकार विषय से संबंधित सरकार की नवीनतम योजनाओं की जानकारी देते हुए उनके महत्व के बारे में बताया जाएगा। इस वर्कशॉप में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागी एबिक की मेल आइडी एबिकसीसीएस एचएयूएटजीमेलडॉटकॉम पर अपना पंजीकरण करवा सकता है। इसी मेल आइडी के माध्यम से प्रतिभागी को वर्कशॉप में शामिल होने के लिए लिंक भेजा जाएगा। सभी प्रतिभागियों को ई-सर्टिफीकेट भी प्रदान किए जाएंगे। एबिक की नोडल अधिकारी ने बताया कि इस वर्कशॉप में एमएसएमई के निदेशक और इंडस्ट्रियल विशेषज्ञ मुख्य वक्ता के तौर पर किसान, विद्यार्थी, नए स्टार्टअप्स आदि को व्याख्यान देंगे और बौद्धिक संपदा अधिकार के बारे में व्यावहारिक जानकारी देंगे। इस दौरान बौद्धिक संपदा अधिकार की प्रासंगिकता प्रपत्र और पंजीकरण, पेटेंट फाइलिंग, थिंकिंग एंड रजिस्ट्रेशन ऑफ आइपीआर, आपीआर इंटरप्रेन्योरशिप एंड इंफोरसमेंट विषयों पर जानकारी दी जाएगी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम........पांच बजे........

दिनांक 16.12.2020 पृष्ठ संख्या........ — ........कॉलम........ — ........

# एचएयू में राष्ट्रीय गणित दिवस पर आयोजित होंगे अनेक कार्यक्रम

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 22 दिसंबर को राष्ट्रीय गणित दिवस 2020 के अवसर पर राष्ट्रीय अध्ययन गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का आयोजन हरियाणा राज्य विज्ञान, नवाचार और प्रौद्योगिकी परिषद के सहयोग से किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजवीर सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. समर सिंह बतौर मुख्यातिथि करेंगे। इस दिवस का आयोजन देश के विश्वविख्यात गणितज्ञ श्री निवासरामानुजन के जन्मदिन के उपलक्ष्य में पूरे देश में मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि इस बार इस महान गणितज्ञ का 133वां जन्मदिन है। गणित और सांख्यिकी विभाग की अध्यक्षा डॉ. मंजू सिंह टांक ने बताया कि इस अवसर पर गणित और सांख्यिकी विभाग द्वारा दो चरणों में कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। प्रथम चरण में गणित, सांख्यिकी, कम्प्यूटर विज्ञान में स्कूल व कॉलेज के विद्यार्थियों की रूचि बढ़ाने व जागरूकता लाने के लिए प्रश्नोत्तरी, वाद-विवाद व पोस्टर मेकिंग की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम.......पांच बजे.......

दिनांक 16.12.2020 पृष्ठ संख्या.......—.......कॉलम.......—.......

# प्रशिक्षण हासिल कर स्वरोजगार स्थापित कर सकती हैं महिलाएं: डॉ. गोदारा

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार में प्रदेश की अनुसूचित जाति व जनजाति की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने व स्वरोजगार स्थापित करने के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। प्रशिक्षणों का आयोजन विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षण संस्थान में सिरसा रोड स्थित केंद्रीय भैंस अनुसंधान संस्थान के सहयोग से किया गया। इस प्रशिक्षण का आयोजन विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. आर.एस. हुड्डा की देखरेख में किया जा रहा है। प्रशिक्षण के शुभारंभ अवसर पर संस्थान के सह-निदेशक(प्रशिक्षण)डॉ. अशोक गोदारा ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बताया कि यहां से प्रशिक्षण हासिल कर महिलाएं स्वरोजगार स्थापित कर सकती हैं और अपनी आय में बढ़ोतरी कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि स्वरोजगारोन्नमुखी प्रशिक्षण आज के समय की मांग है। उन्होंने कहा कि संस्थान में पांच दिनों में अनाज के मूल्य संवर्धित उत्पादों को लेकर प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के संयोजक डॉ. डी.के. शर्मा ने बताया कि इस प्रशिक्षण में तीस प्रतिभागी हिस्सा ले रही हैं।